https://hindi.news18.com/news/uttar-pradesh/jhansi-lean-scheme-of-msme-to-give-90-discount-consultation-bundelkhand-chamber-of-commerce-local18-8728447.html

MSME व्यापारियों के लिए बेहद फायदे की है यह योजना, मिल रहा 90% का डिस्काउंट

शाश्वत सिंह/ झांसी: बुंदेलखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री झांसी, एमएसएमई विकास कार्यालय, कानपुर तथा राइज इनक्यूबेशन सेंटर झांसी के संयुक्त तत्वावधान में भारत सरकार के एमएसएमई कंपटिटिव लीन योजना पर एक दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में एमएसएमई योजना के तहत कार्य कर रही कंपनियों और नए स्टार्टअप को लीन योजना के बारे में समझाया गया. केंद्र सरकार के इस कदम से व्यापार कैसे सरल हो जाएगा इस पर जानकारी दी गई.

कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए बीसीसीआई के सचिव धीरज खुल्लर ने कहा कि चेंबर का हमेशा प्रयास रहता है कि उद्योग के क्षेत्र में होने वाले हर बदलाव से सदस्यों को अवगत कराया जाए. एक्सपर्ट की मदद से उन्हें नई योजनाओं के बारे में बताया जाए. राइज इनक्यूबेशन सेंटर के निदेशक अमित सिंह ने बताया कि सीईओ सत्यप्रकाश के नेतृत्व में झांसी के युवा स्टार्टअप लगातार प्रगति कर रहे हैं. अब तक 45 स्टार्टअप पंजीकृत हो चुके हैं, जो अच्छा काम कर रहे हैं. हाल ही में हमारे एक स्टार्टअप निम्बज गेम्स को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा पुरस्कृत किया गया है.